# जनरल स्टोर्स में देर रात हुई फायरिंग

संपत्ति विवाद आ रहा सामने
पुलिस कर रही मामले की जांच

**सिवनी नवभारत। कोतवाली सिवनी मुख्यालय में देर रात फायरिंग की घटना हुई। सुबह जैसे ही लोगो को पता चला तो दहशत मच गई। असल में सुभाष वार्ड निवासी मोनू चौरसिया की जनरल स्टोर की दुकान है। बीती देर रात लगभग ढाई बजे जनरल स्टोर्स की दुकान में अज्ञात के द्वारा फायरिंग की गई । बंदूक से निकली गोली शटर में लगी जिसका एक कारतूस मौके पर ही गिर गया। चूंकि मामला देर रात का था तो किसी को पता नहीं चल सका।**



बताया जाता है कि जब जनरल स्टोर में फायरिंग हुई उसके बाद दुकान के मालिक मोनू चौरसिया ने बताया कि उनकी छिंदवाड़ा चौक में संपत्ति है जिसका पारिवारिक विवाद चल रहा है।

मोनू चौरसिया की माने तो हाल ही में उक्त संपत्ति विवाद के मामले में न्यायालय से उनके पक्ष में फैसला आया है । फैसला आने के बाद अज्ञात व्यक्ति के द्वारा दुकान में की गई फायरिंग को संपत्ति विवाद से जोड़कर देखा जा रहा है। चर्चा चल रही है कि



फायरिंग करने वाले आरोपी ने दुकान में फायरिंग कर मोनू चौरसिया और उनके परिजनों को एक तरह धमकी ही दिया है।

### पुलिस के लिए चुनौती

नगर के जनरल स्टोर्स की एक दुकान में हुई फायरिंग की घटना पुलिस के लिए चुनौती बन गई है। चूंकि एस पी कृष्ण लालचंदानी के बारे में कहा जा रहा है कि वह ईमानदार और तेज तर्रार एस पी है ऐसे में कोतवाली पुलिस के लिए फायरिंग करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करना एक बड़ी चुनौती होगा। वैसे यदि पुलिस फायरिंग करने वाले आरोपियों को पकड़ती है तो पता चल जाएगा कि लाइसेंस वाली बंदूक से फायरिंग की गई या बिना लाइसेंस वाली से। यदि बिना लायसेंस वाली बंदूक से फायरिंग की गई तो फिर आरोपियों के पास बंदूक आई कहां से इसके नेटवर्क का खुलासा करना भी पुलिस के लिए चुनौती होगी।

# पेट्रोल-डीजल की किल्लत से जूझ रहे क्षेत्रवासी

**उगली नवभारत।** उगली क्षेत्र के पेट्रोल पंप संचालकों के यहां उपभोग कर्ता पेट्रोल डीजल की उपलब्धता के लिए ग्राहकों की लंबी-लंबी कतारें और पेट्रोल पंपों पर लगी भीड़ तस्वीरों में स्पष्ट देखी जा रही है,

वार क्राइसिस,होर्मुज स्ट्राइक जो लंबे समय से युद्ध की स्थिति बनी हुई है, जिसके आधार पर परिवहन के दृष्टिकोण से ईंधन मुख्य रूप से डीजल और पेट्रोल की उपलब्धता का समुचित ना मिल पाना इस संबंध में पेट्रोल पंप संचालकों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इनको ऊपर से ही डीजल पेट्रोल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं हो पा रहा है,

जिसकी वजह से पेट्रोल पंपों में लंबी-लंबी कतारें देखने को मिल रही है, उगली क्षेत्र के अंतर्गत चार पेट्रोल पंप संचालित हैं,और बहुत बड़ी आबादी वाले क्षेत्र में अभी वर्तमान में खरीफ फसल को लेकर मानसून सत्र के पूर्व व्यापक मात्रा



में खेती किसानी के कार्य प्रगतिशील है, दिन रात 24 घंटे किसान जो आधुनिकता के इस दौर में ट्रैक्टरों पर आश्रित ही की खेती कर रहे हैं,जिन्हें जुताई, बखरनी, बोनी के लिए पर्याप्त डीजल नहीं मिलने के कारण कृषि कार्य भी अवरूद्ध हो रहा है, बीते एक महीने में प्रत्येक पेट्रोल पंपों में सही तरह से फ्यूल की उपलब्धता न होने के कारण अल्टरनेट डे के आधार पर डीजल पेट्रोल दिया जा रहा है, पूर्ण रूप से गैलन और डब्बों में पेट्रोल डीजल नहीं दिया जा रहा है, केवल वाहनों में ही मिल रहा है, अपने वाहनों को ही ले जाकर उपयोग करता ईंधन की आपूर्ति कर रहे हैं, पां. छपारा के निकट गीता फ्यूल्स,ढुटेरा स्थित पेट्रोल पंप और मोहबर्रा में दो पेट्रोल पंप बिसेन पेट्रोलियम एवं गौरव पेट्रोलियम के द्वारा इस पूरे क्षेत्र में पेट्रोल डीजल की उपलब्धता कराई जाती है।

इस तरह की स्थिति से एक कृषि कार्य पूर्ण रूप से प्रभावित हो रहा है खाद बीज के रेट भी अनाप-क्षण बढ़ रहे हैं दुकानदारों को भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं हो रहा है परिवहन की समस्या को लेकर पेट्रोल डीजल भी कहीं ऐसा ना हो को दोगुने दाम पर भी ना मिले। पेट्रोल पंप संचालक से इस विषय पर बात करने पर पता चला की आने वाले समय में इतनी समष्या नहीं रहेगी, ग्राहकों को समष्या अभी वर्तमान में ही हो रही है.



## महिला अपराधों की रोकथाम के लिए चलाया अभियान

**सिवनी नवभारत।** महिला थाना सिवनी द्वारा शुक्रवार को ग्रामीण स्वरोजगार आवासीय प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी सेंटर सिवनी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं एवं बालिकाओं हेतु महिला अपराधों की रोकथाम संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को अनुशासित जीवनशैली का महत्व, पारिवारिक, सामाजिक एवं आर्थिक समस्याओं की पहचान तथा उनसे बचाव के उपायों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। महिला थाना द्वारा महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों, उनकी रोकथाम, विधिक प्रावधानों एवं मदद हेतु हेल्पलाइन नंबरों के लिए जागरूक किया।

### एक नजर में



## पौधरोपण कार्यक्रम हुआ आयोजित

**बरघाट।** गत दिवस 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शिक्षक नंदकिशोर गौतम, शास. उच्च. माध्यमिक विद्यालय बकोड़ी( कुरई) जिला सिवनी द्वारा लगातार प्रतिदिवस एक पेड़ लगाकर लगाए गए पेड़- पौधों का नियमित संरक्षण की जा रहा है द्य साथ ही जन समुदाय को भी अधिक से अधिक पेड़- पौधें लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है द्य शिक्षक श्री गौतम दुवारा किये जा रहे कार्य की जन -समुदाय सराहना की जा रही है, और इनसे प्रेरणा लेकर पर्यावरण संरक्षण के इस पुनीत कार्य में लोग पेड़ लगा कर जुड़ते जा रहे हैं। साथ ही शिक्षक नंदकिशोर गौतम दुवारा डीजल पेट्रोल एवम प्रदूषण की समस्या को देखते हुए व माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी के आह्वान को जन मानस तक स्वयं साइकिल व ई - बाइक चला कर इस समस्या से निपटने, देश हित व पर्यावरण के संरक्षण में सहयोगी होने के लिए जन मानस को प्रेरित किया जा रहा है ।

## आधे घंटे में प्रार्थी को सौंपा गुम हुआ मोबाईल

**सिवनी।** थाना कोतवाली में 12 जून को प्रार्थी समर्थ हेड़ाऊ, उम्र 21 वर्ष, निवासी सिंधी कैम्प ने उपस्थित होकर बताया कि वह दुकान के कार्य से भैरोगंज गए थे, जहां उनका सेमसंग कंपनी का मोबाइल, कीमत लगभग 40,000/- किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उठा लिया गया। प्रार्थी की शिकायत प्राप्त होते ही पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी द्वारा गुम मोबाइलों की पतासाजी हेतु दिए गए निर्देशों के परिपालन में कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर रवाना हुई। आसपास की पतासाजी एवं तकनीकी सहायता के आधार पर पुलिस द्वारा आधे घंटे के भीतर गुम हुआ मोबाइल बरामद* कर



प्रार्थी को सुपुर्द किया गया। त्वरित कार्यवाही से प्रार्थी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए थाना कोतवाली पुलिस का आभार प्रकट किया। कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश तिवारी, आरक्षक सिद्धार्थ दुबे एवं आरक्षक सतीश इनवाती की विशेष भूमिका रही।

# श्री श्याम परिवार समिति द्वारा श्याम मोपेड रैली का आयोजन आज

**सिवनी नवभारत।** श्री श्याम परिवार समिति सिवनी द्वारा खाटू वाले श्री श्याम बाबा के भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में 13 जून 2026, शनिवार को एक विशाल एवं आकर्षक श्याम मोपेड रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह रैली प्रातः 8ः00 बजे से 10ः00 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्याम भक्त अपने मोपेड एवं दोपहिया वाहनों के साथ शामिल होकर बाबा श्याम के जयकारों से नगर को भक्तिमय बनाएंगे।

रैली का शुभारंभ मठ मंदिर सिवनी से होगा तथा यह रैली अग्रवाल धर्मशाला, नेहरू रोड, शुक्रवारी, बारापत्थर, बड़े मिशन स्कूल, सर्किट हाउस के सामने, दलसागर तालाब, लक्ष्मीनारायण मंदिर, गंगानगर एवं गंज वार्ड होते हुए नागपुर रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में संपन्न होगी।

समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि रैली का उद्देश्य बाबा श्याम के प्रति श्रद्धा, भक्ति एवं प्रेम का संदेश जन-जन तक पहुंचाना तथा आगामी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रति लोगों को आमंत्रित करना है। रैली में शामिल सभी श्रद्धालु भगवा एवं श्याम निशान के साथ बाबा के जयकारे लगाते हुए नगर भ्रमण करेंगे।

समिति ने नगर के समस्त श्याम भक्तों, युवाओं एवं महिलाओं से अधिक से अधिक संख्या में रैली में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। साथ ही सभी प्रतिभागियों से हेलमेट पहनने, यातायात नियमों का पालन करने एवं अनुशासन बनाए रखने का अनुरोध किया गया है।

उल्लेखनीय है कि नागपुर रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में 15, 16 एवं 17 जून को तीन दिवसीय भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम, निशान यात्रा, भजन संध्या एवं महाप्रसादी का आयोजन होगा।

# बिजली विभाग सहित शासकीय महकमों ने किया श्रमदान

**सिवनी नवभारत।** कलेक्टर के कड़े निर्देशों के बाद आज सिवनी शहर के ऐतिहासिक दल सागर तालाब की कायाकल्प के लिए सभी शासकीय विभागों ने कमर कस ली। इस महा-अभियान में ऊर्जा विभाग (बिजली विभाग) के अधिकारियों और कर्मचारियों ने अधीक्षण अभियंता व कार्यपालन अभियंता के नेतृत्व में बड़ी संख्या में उपस्थित होकर तालाब परिसर में विशेष सफाई और सुरक्षा कार्य किए। सुबह से शुरू हुए इस अभियान में बिजली विभाग की टीम ने दल सागर तालाब के आसपास और घाटों पर लगे विद्युत पोलों, लटकते तारों की मरम्मत की और तालाब परिसर में प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त किया। कलेक्टर के इस आदेश के बाद राजस्व, नगर पालिका, पुलिस और ऊर्जा विभाग सहित जिले के सभी प्रमुख विभागों के समन्वय से तालाब की सूरत बदल गई। नगर पालिका के स्वच्छता वाहनों के जरिए टनों कचरा मौके से हटाया गया।

अभियान के समापन पर बिजली विभाग और



अन्य शासकीय विभागों के अधिकारियों ने कर्मचारियों व स्थानीय नागरिकों को बिजली की बचत, जल संरक्षण और पर्यावरण को स्वच्छ रखने की सामूहिक शपथ दिलाई। दल सागर तालाब हमारे शहर की पहचान है। कलेक्टर महोदय के मार्गदर्शन में ऊर्जा विभाग ने यहाँ प्रकाश व्यवस्था सुधारने के साथ-साथ स्वच्छता में हाथ बंटाया है। आम जनता से अनुरोध है कि तालाब के आसपास लगे विद्युत उपकरणों से छेड़छाड़ न करें और परिसर को साफ रखें।

# घंसौर में चोरों के हौसले बुलंद

**घंसौर नवभारत।** तहसील मुख्यालय घंसौर में पिछले लंबे समय से लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। घंसौर में लगातार चोरों के द्वारा घरो में घुसकर कीमती सामान, नगद राशि, मोटरसाइकल, गहने आभूषणों की चोरियां की जाती रही जिनकी घंसौर थाने में लिखित शिकायत भी दर्ज कराई जा चुकी हैं। झंडा चौक के पास छप्पेश कॉलोनी में बुधवार की रात चोरों ने सचिव के घर को अपना निशाना बनाया। ताजा मामला नगदी चोरी का 10/6/2026 दिन बुधवार का बताया जा रहा है। झंडा चौक के पास छप्पेश कॉलोनी में (सचिव )



ज्ञानवती परते पति भागवत सिंह परते के घर से (50,000)पचास हजार नगद, आयुष्मान कार्ड, परिचय पत्र, आधार कार्ड एवं सेंट्रल गवर्मेंट का आयुष्मान कार्ड सहित पूरा बेग रात में चोरी हो गया इसकी शिकायत ज्ञानवती परते ने पुलिस थाना में दर्ज कराई है। पुलिस अधीक्षक से आग्रह है कि अति शीघ्र इन चोर गिरोहों का पर्दाफाश किया जाए जिससे क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों में विराम लग सके।

# छात्रावास अधिक्षिका को हटाने को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे गोंगपा ब्लाक अध्यक्ष

**छपारा नवभारत।** विगत 10 जून को गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ब्लाक इकाई सिवनी द्वारा अपनी लंबित मांग छपारा विकास खंड के ग्राम गोरखपुर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में पदस्थ अधिक्षिका श्रीमती अंजना शर्मा एवं डीपीसी महेश बघेल को हटाने को लेकर की जा रही अपनी मांग पर मिली जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन को बाकायदा एक आवेदन पत्र जमा कर अवगत करा दिया गया वहीं उक्त मामले में कोई कार्यवाही नहीं होने की दशा में दिन शुक्रवार 12 जून को ग्राम गोरखपुर के चौराहे स्थित विरसा मुंडा प्रतिमा प्रतिमा के समक्ष मंच पर अपनी मांग को लेकर भूख हड़ताल पर




बैठ गए और अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया गया है उक्त अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल में देवी सिंह अरवे गोंगपा ब्लाक अध्यक्ष सिवनी के नेतृत्व में की जा रही है। ग्राम गोरखपुर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में पदस्थ अधिक्षिका श्रीमती अंजना शर्मा जो विगत 10 वर्षों से लगातार एक ही विद्यालय इसी में पदस्थ हैं और उन्हें वहां से हटाए जाने को लेकर विगत कई वर्षों से जिला कलेक्टर जनसुनवाई, क्षेत्रीय विधायक, सिवनी विधायक सहित अन्य संबंधित कार्यालयों पर पदस्थ अधिकारियों को अनेकों




बार आवेदन पत्र दिए गए जिनमें अधिक्षिका के विरुद्ध गंभीर आरोपों को लगाते हुए उन्हें हटाए जाने की मांग को लेकर मांग की जाती रही जिस पर अब अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे हुए हैं अब देखना यह होगा कि उक्त अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर जिला प्रशासन द्वारा क्या कुछ कार्यवाही होगी या नहीं।

# अभिलाषा महिला आजीविका संकुल स्तरीय संगठन की वार्षिक साधारण सभा की बैठक आयोजित

**छपारा नवभारत।** विकासखण्ड छपारा में गत दिवस 10 जून बुधवार को मध्यप्रदेश डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत जिला परियोजना प्रबंधक संजय रस्तोगी के मार्गदर्शन में अभिलाषा महिला आजीविका संकुल स्तरीय संगठन की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन कबीर भवन में किया गया। इस अवसर पर जनपद कार्यालय से विकास खण्ड प्रबंधक भरत परमार,सीएलएफ नोडल फहमीदा कुरैशी, रमेश अहिरवार,राजेश राय , जनपद पंचायत छपारा क्षेत्र के 3 संकुल संगठनों के पदाधिकारी एवं अभिलाषा सीएलएफ के कर्मचारी पदाधिकारी एवं सक्रिय सीआरपी दीदियॉ उपस्थित रही।



कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों के द्वारा सरस्वती पूजन किया गया उपस्थित दीदीयो के द्वारा सरस्वती वंदना एवं सीएलएफ की प्रार्थना की गई एवं अतिथियो का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर सीएलएफ पदाधिकारीयो एवं सदस्यों द्वारा किया गया। तत्पश्चात सीएलएफ बुककीपर तिलकवती उईके द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा व प्रगति प्रतिवेदन, ऑडिट रिपोर्ट, आगामी कार्य योजना व अनुमानित वार्षिक बजट प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम की अगली कड़ी में अतिथियों के द्वारा उध्दबोदन दिया गया जिसमें समूह /ग्राम संगठन प्रवेश शुल्क, अंश पूजी, आंतरिक अंकेक्षक, एमसीपी, कटआफ डाटा, मासिक ट्रांजेक्शन, नियमित दस्तावेजीकरण, सामुदायिक निवेश निधी, सीसीएल राशियों का उपयोग एवं नियमित ऋष्टा वापसी, लोक अधिकार पर चर्चा की गई, साथ ही समस्त समूहों को समय अनुसार वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना, गतिविधियों से जोड़ना जैसे डेयरी, बकरी पालन, मुर्गी पालन, जैविक खेती को बढ़ावा, बीमा, आरसेटी से प्रशिक्षण, रोजगार मेला एवं नियमित रूप से वित्तीय लेनदेन करते हुए लखपति श्रेणी में शामिल करने पर समझ विकसित की गई। कैडर व कर्मचारीयो समस्त की उपस्थित में उनके कार्यों से सभी को अवगत कराया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के द्वारा सीएलएफ क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समूह, ग्राम संगठन, कृषि सखी, पशु सखी, बैंक सखी, क्षेत्रीय समन्वयक, जेंडर सीआरपी, सीएलएफ बुक कीपर, को भी बेहतर कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाली बालिकाओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम के समापन के दौरान संकुल संगठन अध्यक्ष रानी परते ने आभार जताया।

# तेज हवा-तूफान से बिजली का पोल सड़क पर गिरा

खुरसुरा-कनारी मार्ग पर
आवागमन बाधित

**उगली नवभारत।** जिले की केवलारी जनपद पंचायत अंतर्गत उप तहसील उगली क्षेत्र में शुक्रवार को तेज हवा और तूफान के चलते बड़ा हादसा टल गया। उगली से लगभग 15 किलोमीटर दूर खुरसुरा और कनारी के बीच मुख्य मार्ग पर बिजली का पोल गिर जाने से आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोपहर के समय अचानक तेज हवा और तूफान चलने लगा, जिसके कारण सड़क किनारे स्थित बिजली का पोल सड़क के बीचों-बीच आ गिरा। पोल के साथ बिजली के तार भी नीचे लटक गए। घटना के बाद दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना विद्युत



विभाग एवं संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को दी। सूचना मिलने के बाद विभागीय अमला मौके पर पहुंचा और पोल को हटाने तथा विद्युत आपूर्ति को सुरक्षित तरीके से बहाल करने की कार्रवाई शुरू की गई। ग्रामीणों का कहना है, कि यदि घटना के समय सड़क पर अधिक यातायात होता तो कोई बड़ा हादसा भी हो सकता था। फिलहाल प्रशासन एवं विद्युत विभाग द्वारा मार्ग को शीघ्र सुचारु करने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि क्षेत्रवासियों को आवागमन में हो रही परेशानी से राहत मिल सके।

लगभग 1 घंटे की बारिश भी झमाझम पां. छपारा क्षेत्र में होने से एक तरफ प्रचंड गर्मी से राहत और वर्तमा खरीफ की फसल के लिये बारिश से कृषि कार्य में गती आयेगी, आने वाले समय में मानसून के अच्छे संकेत देखने को मिल रहे हैं, किसानों को राहत के साथ मानसून की दस्तक शुरू हो गई.

**सम्मान** | अंडर 18 महिला एशिया कप हॉकी में भारतीय टीम का किया था प्रतिनिधित्व

# कांस्य पदक विजेता नौशीन का आगमन, सम्मान व रोड शो

**सिवनी नवभारत।** जापान में आयोजित अंडर 18 महिला एशिया कप में भारतीय टीम ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर कांस्य पदक जीता। भारतीय टीम में सबसे कम उम्र की तेज़ तर्राट व कुशल सेंटर फारवर्ड सिवनी की शान उभरती हुई प्रतिभा नौशीन नाज ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर 17 गोलकर भारत का नाम रोशन किया है। भारत ने मलेशिया को , सिंगापुर को 25 गोल से ,कोरिया को , चीन को , हराया। नौशीन को दिल्ली में भी खेल मंत्री द्वारा बेस्ट स्कोरर का खिताब दिया गया था तथा जापान में भी बेस्ट स्कोर का खिताब दिया गया । नौशीन के जबलपुर पहुंचने पर श्रीमती मकसूदा मिर्जा पूर्व डिप्टी डायरेक्टर खेल और युवा कल्याण विभाग तथा जॉइंट सेक्रेटरी हॉकी मध्य प्रदेश , तथा उनके परिवार द्वारा रिसीव कर स्वागत किया गया ।नौशीन के परिजनों में उनके पिता एहफाज खान ,माता, भाई ,बहनों तथा राइडर्स क्लब के




जफर खान, राजू मामू, जहीर खान ,मोहसिन खान, जादिल, परवेज , टिंकू ने जबलपुर पहुंचकर नौशीन का स्वागत किया। सिवनी आने पर लूघरवाडा में अजय बाबा पांडे, असद खान, फैसल खान, रशीद, साबिर ,जावेद नूरानी, अमन साहिल ,अयाज आदि ने नोशीन को रिसीव कर स्वागत किया और खुली जीप में लेकर रैली लेकर ज्यारत नाका पहुंचे, जहां पर डी एल गौर, वसीम पटेल तथा खेल संघ के पदाधिकारी और खेल प्रेमी जनता ने नौशीन का स्वागत किया। ज्यारत से रैली श्रीमती मकसूदा मिर्जा के घर के सामने पहुंची ,जहां पर श्रीमती मकसूदा मिर्जा ने नौशीन का पुष्प हार व पुष्प वर्षा से स्वागत किया। रैली पाल पेट्रोल पंप, गणेश चौक, शुक्रवारी, नेहरू रोड, नगर पालिका ,बस स्टैंड पाशा ट्रेवल्स होते हुए झिरिया में समाप्त हुई। नौशीन का स्वागत यूनिक कलेक्शन, गणेश चौक पर अशोक नाविक , राजिक भाई, वाहिद भाई ,डॉक्टर श्रीवास्तव आदि ने तथा नेहरू रोड पर बहुत से ज्वेलर्स व अंकित मालू आदि ने स्वागत किया। बस स्टैंड परिसर के सामने खेल और युवा कल्याण विभाग के अधिकारी कर्मचारी अब्दुल हक, संगीता, नारायण बिसेन, लक्ष्मी ठाकरे व खिलाड़ियों ने नौशीन का स्वागत किया। बस स्टैंड पर रशीद, असद, फैसल ,इमरान गुड्डू किराना ,अयाज खान, फैयाज खान, शफीक गुम्मा तथा समस्त खेल प्रेमी और जनता नेनौशीन का स्वागत किया। पाशा ट्रेवल्स पर सोहेल पाशा द्वारा नौशीन का स्वागत पुष्प मालाओं से किया गया तथा झिरिया के मोहल्ले वाली महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों द्वारा भी नौशीन का स्वागत किया गया ।

### नौशीन नाज़ ने बढ़ाया जिले का गौरव



सिवनी। एशिया कप में हॉकी खिलाड़ी द्वारा अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया गया भगत सिंह वार्ड निवासी नौशीन नाज को सिद्धू अस्पताल के संचालक डॉक्टर जी एन सिद्धू एवं डॉक्टर के सी मेश्राम द्वारा सम्मान किया गया इस दौरान अस्पताल क्या समर्थ स्टाफ उपस्थित डॉक्टर सिद्धू ने कहा कि जय हमारे लिए बड़े गौरव की बातें की इस जिले नौशीन नाज नई जिले का गौरव बढ़ाया है वह अपनी प्रतिभा केबल पर देश का नाम रोशन करेगी इसके लिए खेल अधिकारी कोच एवं समझ सहयोगियों के प्रति हम आभार व्यक्त करते हैं एवं उक्त बालिका को अपनी शुभकामनाएं देते हैं।

**नायब तहसीलदार केवलारी वृत्त पलारी जिला सिवनी**

**ग्राथ लोपा** रा.प्र.क्रं. 0018/अ-6/2026-27

एतद् द्वारा इस सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आवेदक आभा शुक्ला पति संतोष कुमार निवासी ग्राम लोपा प.ह.नं. 13 रा.नि.मं. पलारी तहसील केवलारी में स्थित भूमि ख.नं. 316/2 रकवा 4.40 हे. झगरा प.ह.नं. 13 भूमि एंव ग्राम झगरा में स्थित भूमि ख.नं. 86/2, 96/4 रकवा 0.07, 0.51 का वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु इस मे न्यायालय मे आवेदन प्रस्तुत किया है। वसीयतकर्ता वसीयतग्रहिता का जो कि रिस्ते मे आभा के पति लगते हे। आवेदक. संतोष कुमार पिता गोपीनाथ ने अपने जीवनकाल मे अपने पत्नि को वसीयत दिनांक 15/1/2026 को गवाहो के समक्ष मे वसीयत किया है वसीयतकर्ता की दिनांक 22/3/2026 निधन हो गया है। इस कारण आवेदक आभा शुक्ला पति संतोष निवासी ग्राम लोपा ने वसीयत नामांतरण के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं।

अत: उपरोक्त भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को अपना हित रखता हो को सूचित किया जाता है कि वसीयत नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया है यदि उपरोक्त वसीयत नामांतरण मे जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति नियत पेशी तारीख 16/06/2026 को इस न्यायालय मे मेरे समक्ष दिन के 11 बजे उपस्थित होकर स्वंय या अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकता है। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा और प्रकरण मे नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

जारी दिनांक :- 09/06/2026
पेशी दिनांक :- 16/06/2026

सील

**नायब तहसीलदार**
**केवलारी वृत्त पलारी**
**जिला सिवनी (म.प्र.)**